हुआ, बल्कि अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों पर जिला प्रशासन की अनदेखी भी सामने आई। इतना समय बीत जाने के बावजूद मामले में कोई ठोस कार्रवाई न करना, अनुसूचित जनजाति के लोगों को न्याय दिलाने में पूरी तरह से उपेक्षा को दर्शाता है | शिकायतकर्ता अनुपस्तिथ रहे।

5. मामले में सुनवाई के उपरांत आयोग द्वारा निम्नलिखित अनुशंसाएं की जाती है :-

I. उपायुक्त, रांची द्वारा भेजी गई रिपोर्ट दिनांक 06.07.2024 में बताया गया कि श्रीमती निलु देवी, पत्नी अशोक कुमार, निवासी आशाश्री गार्डन, रांची के खाता संख्या-80, प्लॉट संख्या-922, 927 और 928 के रकवे की स्थल जांच की गई। जांच के दौरान, निलु देवी से कागजात की मांग की गई और नक्शे के अनुसार भूमि की पहचान की गई। उक्त भूमि का पट्टा संख्या-62, दिनांक 04.01.2007 को जारी हुआ था, **जिसमें उत्तर दिशा में 10 फीट का प्रस्तावित रास्ता दिखाया गया है। वर्तमान में इस भूमि पर सुकरा उराँव और मनोज सोनी का मकान है, लेकिन मनोज सोनी द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए हैं।**

**1.1** मामले में 27.08.2024 को हुई सुनवाई में आयोग द्वारा इन्हीं तथ्यों के आधार पर शिकायतकर्ता को प्रस्तावित रास्ता दिलवाने की अनुशंसा की गई थी, परंतु संबंधित विभाग द्वारा पिछली सुनवाई से वर्तमान तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके साथ ही बिना किसी नए तथ्यों के आयोग के समक्ष वही रिपोर्ट दिनांक 31.01.2025 की सुनवाई में प्रस्तुत की गई। इससे न केवल आयोग का समय व्यर्थ हुआ, बल्कि यह भी स्पष्ट हुआ कि जिला प्रशासन द्वारा अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों की अनदेखी की जा रही है।

II. मामले में, उपरोक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए, अगली सुनवाई में सभी संबंधित प्राधिकारियों की उपस्थिति, आयोग की अनुशंसाओं पर अब तक की गई कार्रवाई की अनुपालन रिपोर्ट के साथ अनिवार्य होगी, ताकि मामले में शीघ्र, प्रभावी और न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

आशा लकड़ा
12/02/2025

**(डॉ. आशा लकड़ा)**
**सदस्य**
**राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग**

डॉ. आशा लकड़ा/Dr. Asha Lakra
सदस्य/Member
भारत सरकार/Government of India
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
नई दिल्ली/New Delhi

